


कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा ... पृष्ठ 2 | सुंदर वानांचल क्षेत्र में 20 लाख... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




बुधवार, 08 अप्रैल 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 173, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए




# बस्तर 2.0 की शुरुआत : मुख्यमंत्री साय ने पीएम मोदी को दिया आमंत्रण, विकास का ब्लूप्रिंट सौंपा

## बस्तर के लिए 360ए प्लान-टूरिज्म, स्टार्टअप, इंफ्रा और इनोवेशन पर फोकस , पीएम का बस्तर दौरा बनेगा टर्निंग पॉइंट, बड़े प्रोजेक्ट्स की सौगात

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर बस्तर के भविष्य की एक नई तस्वीर पेश की। इस मुलाकात में मुख्यमंत्री ने न केवल नक्सलवाद के अंत के बाद प्रदेश में आई शांति के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया, बल्कि बस्तर के समग्र विकास का एक विस्तृत और दूरदर्शी ब्लूप्रिंट भी सौंपा। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री को मानसून के बाद बस्तर आने का आमंत्रण दिया, जहां उनकी मौजूदगी में कई बड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि बस्तर समेत पूरे राज्य में नक्सलवाद समाप्त हो चुका है और अब शांति स्थापित है। शिक्षा व स्वास्थ्य सुधार के तहत नए एजुकेशन सिटी, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज बनाए जा रहे हैं, जबकि इंद्रावती नदी पर बैराज, रेल लाइन और एयरपोर्ट विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ब्लूप्रिंट के जरिए बस्तर में अब विकास, रोजगार और बेहतर सुविधाओं का नया दौर शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने अपने विकास दस्तावेज़ में उल्लेख किया कि एक दशक पहले प्रधानमंत्री द्वारा बस्तर के लिए देखा गया शांति और विकास का सपना अब जमीन पर साकार हो रहा है। नक्सलवाद खत्म होने के बाद अब लोगों में डर नहीं, बल्कि उम्मीद और विकास की नई चमक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से बस्तर को नई दिशा और गति मिलेगी, जिससे क्षेत्र में विश्वास और उत्साह बढ़ेगा। मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत विकास ब्लूप्रिंट च्सैचुरेशन, कनेक्ट, फैसिलिटेट, एम्पावर और एंगेजज् रणनीति पर आधारित है। इसके तहत बस्तर में बुनियादी सुविधाओं को तेजी से विस्तार देने का लक्ष्य रखा गया है। सड़कों के व्यापक जाल के माध्यम से दूर-दराज के गांवों को जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधूरे कार्यों को 2027 तक पूरा करने के साथ-साथ नई 228 सड़कों और 267 पुलों का निर्माण प्रस्तावित है। इसके अलावा 61 नई परियोजनाओं के लिए विशेष केंद्रीय सहायता की मांग भी की गई है। ऊर्जा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी बड़े बदलाव की योजना है। हर घर तक बिजली पहुंचाने के कार्य तेज होंगे। शिक्षा के क्षेत्र में 45 पोटा केबिन स्कूलों को स्थायी भवनों में बदला जाएगा। युवाओं के लिए 15 स्टेडियम और 2 मल्टीपर्पज हॉल बनाए जाएंगे, जबकि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार और डॉक्टरों के लिए ट्रांजिट हॉस्टल बनाए जा रहे हैं। कृषि और सिंचाई के क्षेत्र में इंद्रावती नदी पर दो बड़े प्रोजेक्ट देउरगांव और मटनार में स्वीकृत किए गए हैं, जिनसे 31,840 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी। यह परियोजनाएं बस्तर की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगी। आजीविका और आय बढ़ाने के लिए सरकार ने तीन वर्षीय योजना तैयार की है, जिसका लक्ष्य 2029 तक 85ल परिवारों की मासिक आय 15,000 रुपये से बढ़ाकर 30,000 रुपये करना है। च्नियद नेल्ला नार 2.0ज् योजना के तहत अब अधिक जिलों को जोड़ा जा रहा है, जिससे विकास का लाभ व्यापक स्तर पर पहुंचेगा। 10 जिलों में शुरू की गई यह योजना अब 7 जिलों और 3 नए जिलों (गरियाबंद, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई) तक विस्तारित हो रही है।



# नगर पंचायत, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने हटाया अतिक्रमण



**डोंगरगांव।** नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत वार्ड क. 03 लक्ष्मी नगर निकाय स्वामित्व स्थित भूमि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर भवन का निर्माण किया गया था. जिसे नगर पंचायत डोंगरगांव द्वारा नोटिस जारी कर पुलिस बल की टीम एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की संयुक्त पहल से निकाय के अमलों द्वारा कब्जा मुक्त कराया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनम्र जेमा ने जानकारी में बताया कि उक्त रिक्त अतिक्रमण भवन में असामाजिक तत्वो का जमावडा होने से अपराधिक कृत्य घटना होने की संभावना को देखते हुए थाना प्रभारी, डोंगरगांव से पुलिस बल की सहायता ली गई। इस सबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने जगदेव प्रसाद खूंटे नायब त?हसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी नियुक्त किया गया। अतिक्रमण हटाये जाने के दौरान राजस्वन विभाग , पुलिस विभाग एवं नगर पंचायत के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# दो दिवसीय महाभियान प्रशिक्षण का शानदार समापन

## शहर मंडल के नेतृत्व में 6 व 7 अप्रैल को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा शहर मंडल के नेतृत्व में दो दिवसीय आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शानदार समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमे प्रमुख रूप राजनांदगांव के प्रमुख वक्ता कोमल सिंह राजपूत, अध्यक्ष जसमीत सिंह बंनोआना, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, ,महामंत्री विनय बंसल,विनीत यादव, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगड, सुषमा खूबचंद पारख, सचिन बघेल, मधुसूदन यादव , रामजी भारती, विनोद खांडेकर,दिनेश गांधी, मनीष गोलछा,शशिकांत द्विवेदी,रविन्द्र वैष्णव,सुरेंदर सिंग बंनोआना, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल,सुनील जैन, प्रकाश चौरड़िया,प्रदीप बाघ,महेंद्र भाई पटेल, हरविंदर एस मंगे, कुलवंत कक्कड़,अमित जैन,वीरेंद्र सोनी,संतोष चोपड़ा, तुलसी मिश्रा,तरुण हथेल, विजेंद्र ठाकुर, मंडल कोठारी युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष वत्सला श्रीवास्तव, अचला ठाकुर, पप्पू नामदेव,लक्ष्मी यादव, आकाश राजपूत , अलका जयेश सहारे , अनिता इंदुलकर, कैलाश सोनवानी, मुकुंद कंडरा, सरफराज खान, नागेंद्र परिहार, चितरंजन साहू, रामकुमार डड़सेना,अनिल लांजेवार, सहित सभी पार्षद गण एवं समस्त कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# डुडेरा में गूंजा संगठन सृजन का संकल्प, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश और जिला नेतृत्व के निर्देश पर चल रहे संगठन सृजन अभियान के तहत ग्राम डुडेरा में मंडल कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुई। इस बैठक ने कार्यकर्ताओं के भीतर नई ऊर्जा का संचार किया और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने की दिशा में ठोस रणनीति तय की गई।

बैठक में यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि कांग्रेस का संगठन जितना मजबूत होगा देश की लोकतांत्रिक नींव उतनी ही सुदृढ़ होगी। इसी सोच के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं बैठक के प्रभारी मदन साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक बूथ पर मजबूत कमेटी का गठन किया जाए और घर-घर तक पहुंचकर कांग्रेस की विचारधारा को फैलाया जाए। उन्होंने प्रेरक उदाहरण देते




हुए कहा जैसे किसान बीज बोकर फसल तैयार करता है वैसे ही हमें बूथ स्तर पर मेहनत कर संगठन की मजबूत फसल तैयार करनी है। संगठन सृजन अभियान हमें नई ऊर्जा देगा और कांग्रेस को जड़ों तक पहुंचाएगा। डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंचराम चंदेल ने कहा कि संगठन सृजन अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि कांग्रेस को हर व्यक्ति तक पहुंचाने का मजबूत माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी निभाने और जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक में विस्तृत चर्चा के दौरान निम्न बिंदुओं पर विशेष जोर दिया गया। प्रत्येक बूथ पर सक्रिय और संगठित टीम तैयार करना जनसंपर्क को मजबूत बनाकर जनता से सीधा संवाद स्थापित करना युवा और नए कार्यकर्ताओं को जोड़कर संगठन का विस्तार करना इन नेताओं की रही विशेष उपस्थिति इस अवसर पर कई वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमें प्रमुख रूप से सहप्रभारी द्वारिका सिन्हा मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर हटीले पूर्व जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा पुरुषोत्तम वर्मा पवन साहू सेक्टर प्रभारी सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता। डुडेरा में आयोजित यह बैठक न केवल संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हुई बल्कि इसने कार्यकर्ताओं में उत्साह और समर्पण की नई लहर भी पैदा की। आने वाले समय में यह अभियान कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव का स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल

## मरीज अपने घर से पंखा लाकर करवा रहे इलाज , दांत डाक्टर आठ माह से छुट्टी में



**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल बद से बद्तर हो गया है यहां पर भर्ती होने वाले मरीजों को अपने घर से पंखा लेकर आना पड़ रहा है वजह अस्पताल के अन्दर लगें पंखा खराब है लेकिन इनको अस्पताल प्रबंधन बनवाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं जिस वजह अस्पताल में भर्ती मरीजों को भीषण गर्मी से बचने के लिए अपने घर से पंखा लेकर पहुंच रहे हैं वहीं नगर के अस्पताल का बदहाल व्यवस्था को अनेकों बार खबर के माध्यम से हमारे द्वारा उठाते आये है लेकिन व्यवस्था सुधरने के बजाय जस के तस पड़े नजर आते हैं वजह अस्पताल प्रबंधन की सुस्त रवैया व लापरवाही नजर आ रहे हैं। जच्चा बच्चा वार्ड में भर्ती मरीज अपने लिए घर से पंखा लेकर पहुंचे थे। अस्पताल व्यवस्था सुधारने करोड़ों का बजट प्रतिवर्ष मिलता है

**सरकारी अस्पताल का हाल बेहाल,,**

सरकार द्वारा अस्पताल के व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत होता है जिसमें मरीजों को आवश्यक दवाएं उपकरण जैसे आवश्यक सामग्री खरीदी करना होता है लेकिन अस्पताल के द्वारा सिर्फ बील लगाकर अन्य कार्यों में पैसे लगाकर राशि डकार जाते हैं तभी तो अस्पताल की व्यवस्था दिनों दिन चरमराती जा रही है। अस्पताल में मरीजों को पीने का पानी तक के लिए अपने घरों से लाकर पीना पड़ता है।

**अस्पताल में मिलने वाले खाना में कांटा मारी व गुणवत्ता हीन खाना परोसा जाता है**

अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए शासन के द्वारा गुणवत्ता पूर्ण भोजन के व्यवस्था के लिए बजट दिया जाता है

### सरकारी अस्पताल में चार दिन से पंखा हुए खराब

ताकि मैन्यू के हिसाब से प्रतिदिन खाना दिया जा सके लगभग प्रत्येक मरीज के लिए 250 रूपये के हिसाब से खाना का रूपये दिया जाता है लेकिन खाना देने वाले ठेकेदार मरीजों को देने वाले खाने में कांटा मारी कर रहे हैं वहीं मैन्यू के हिसाब से खाना भी नहीं देते हैं और खाना की क्वालिटी भी इतना खराब है कि मरीज खाना खा कर और बिमार हो जायेंगे विगत तीन वर्षों से एक ही व्यक्ति खाना का ठेके ले रहे हैं जिस वजह से इस तरह लगातार मनमानी कर रहे हैं बदलाव करना चाहिए लेकिन अधिकारी और ठेकेदार के मिलीभगत से मरीजों को मिलने वाले भोजन की राशि भी डकार जा रहे हैं। वहीं अप्रैल माह से नये टेंडर होता है लेकिन अधिकारी की उदासीनता से टेंडर भी नहीं निकालें है।

**लगभग आठ महीने से दंत ओपीडी बंद पड़ा है**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दंत ओपीडी लगभग आठ महीने से बंद पड़ा है लेकिन जवाबदेह लोगों के नजर अंदाजी से मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों की ओर रूख अपना पड़ा रहा है जिससे उनके पैकेट से भारी भरकम राशि अपने दांतों के इलाज के लिए जेब ढीली करनी पड़ रही है वहीं



दंत चिकित्सक लगभग आठ महीने से छुट्टी पर बैठीं हुई है लेकिन उनके जगह पर किसी अन्य डाक्टर का ड्युटी नहीं लगाया गया जिसके कारण मरीजों को काफी दिक्कत हो रही है लेकिन आम जनों के समास्याओ से जिम्मेदार लोग को कोई मतलब नहीं है।

बीएमओ ने कहा , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव में पिछले चार पांच दिनों से कुछ पंखा अस्पताल में बंद हो गए हैं जिनके सुधार के लिए मैने इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक को बोला है शीघ्र ही सुधार कार्य किए जाएंगे, वहीं दांत ओपीडी में डाक्टर के लिए सीएमएचओ को लिखित आवेदन कर दूसरे डाक्टर की मांग की गई है जिनमें सप्ताह में दो दिन दांत डाक्टर उपलब्ध रहेंगे । इनके अलावा पानी की समस्या भी शीघ्र हल की जाएगी।

**- डॉ रागनी चंद्रे बीएमओ**

# गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के संपत्तिकर भुगतान में 30 अप्रैल तक छुट

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये छत्तीसगढ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इस माह की विशेष छुट के तहत 30 अप्रैल 2026 तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर अधिभार नहीं लगने छुट प्रदान की गई है। छुट का लाभ देने नगर निगम का राजस्व अमला बकायादारो से सम्पर्क कर बकाया सम्पत्तिकर जमा करने समझाईस दे रहे है, ताकि अधिभार से बचा जा सके। साथ ही बड़े बकायादारो को भी बकाया राशि जमा कर निगम की कार्यवाही से बचने समझाईस दी जा रही है। नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने राजस्व अमला से कहा है कि शासन की छुट के संबंध में बकायादारो को जानकारी देकर वसूली करे, तथा बड़े बकायादारो को समझाईस देवे कि बकाया करो का भुगतान कर निगम की कार्यवाही एवं आर्थिक भार से बचे। उन्होंने राजस्व अमला से कहा कि घर घर जाकर सम्पत्तिकर की वसूली करे तथा नागरिको को ऑनलाईन भुगतान करने प्रोत्साहित करे। उन्होंने कहा कि बड़े बकायादारो को सम्पत्तिकर का भुगतान करने समझाईस देवे भुगतान नही करने की स्थिति में उनके घर का नल काटने की कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि बड़े बकायादारो का नाम पूर्व में सामाचार पत्र मे प्रकाशित किया गया था, किन्तु बकायादारो के द्वारा राशि जमा नही की गयी है, उन्हें समझाईस देवे अपालन की स्थिति में नल कनेक्शन विच्छेदन एवं कुर्की की जानकारी देवे तथा उनके नाम सार्वजनिक स्थल में फ्लैक्स के माध्यम से प्रकाशित करे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि इस नये वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1 अप्रैल 2026 से 31 जुलाई 2026 तक सम्पत्तिकर का भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छुट तथा 1 अगस्त 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक भुगतान करने पर 4 प्रतिशत की छुट के संबंध में भी जानकारी देवे, जिससे वे करदाता जो वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में ही अपने करो का भुगतान करते है उन्हें छुट का लाभ मिल सके। आयुक्त ने सभी करदाताओं से अपने संपत्तिकर का भुगतान कर छुट का लाभ लेते हुये नगर विकास में सहयोग करने की अपील की है।

# कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

## पुल-पुलियों के पिलरों के नीचे से होने वाले अवैध रेत खनन पर कड़ी कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभागवार प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी विभाग में कार्यालयीन पत्राचार अब ई-ऑफिस के माध्यम से ही करें, जिससे कार्य में पारदर्शिता और गति दोनों सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने बताया कि छत्तीसगढ़ मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत साधना सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक विभाग एक नोडल अधिकारी नियुक्त करे तथा सभी अधिकारी-कर्मचारी ऑनबोर्ड होकर निर्धारित लर्निंग कोर्स समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्य दुकानों एवं प्रतिष्ठानों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने तथा खाद्य सामग्री में मिलावट करने वाले प्रतिष्ठानों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मिलावटी एवं



एक्सपायरी तिथि वाली खाद्य सामग्री पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि जनसामान्य के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने जिले में शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को संज्ञान में लेते हुए शीघ्र हटाने के निर्देश दिए, ताकि शासकीय भूमि का उपयोग विकास कार्यों में किया जा सके। साथ ही सभी विभाग प्रमुखों को उनके विभाग से संबंधित उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत गुणवत्ता और समय-सीमा में कार्य करने वाले ठेकेदारों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुल-पुलियों के पिलरों के नीचे से होने वाले अवैध रेत खनन पर कड़ी कार्रवाई करने एसडीएम एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। राजस्व एवं भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने कहा। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीजीएन पोर्टल एवं टीएल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करें।

उन्होंने ग्राम पंचायतों में राजस्व प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की। ग्राम पंचायतों में प्राप्त सभी प्रकरणों का पारदर्शी और समयबद्ध निराकरण किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों को भी बारिश के पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि हितग्राहियों को बारिश मौसम के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों तथा अन्य सभी निर्माण कार्यों को भी गुणवत्तापूर्ण तरीके से बारिश से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना एवं धान उठाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# गणित विभाग द्वारा रायपुर के मूल विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में गणित विभाग द्वारा एम.एससी. गणित (द्वितीय एवं चतुर्थसेमेस्टर) के 44 विद्यार्थियों हेतु एक शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। यह संपूर्ण भ्रमण गणित विभाग द्वारा स्वप्रेरित एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया गया, जिसमें विभागाध्यक्ष डॉ. के.के. देवांगन का विशेष मार्गदर्शन एवं नेतृत्व रहा। इस शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने सेंटर ऑफ बेसिक साइंस, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने रसायन, भौतिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगशालाओं तथा पुस्तकालय का अवलोकन किया। इस अवसर पर गणित विभाग, सेंटर ऑफबेसिक साइंस के विभागाध्यक्ष डॉ. गोविंद प्रसाद साहू द्वारा एक विशेष व्याख्यान दिया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने शोध के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता ( ।प्) के युग में गणित की भूमिका तथा समाज में एक अच्छ गणितज्ञ के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि गणित का मूल आधार स्वयंसिद्ध ;गपवउेद्ध होते हैं तथा विभिन्न स्वयंसिद्धों के आधार परगणित के



विभिन्न श्नदपअमतेमेश् की कल्पना की जा सकती है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने नवा रायपुर स्थित जनजातीय संग्रहालय एवं महादेव घाट का भी भ्रमण किया, जिससे उन्हें सांस्कृतिक एवं सामाजिक दृष्टि से भी समृद्ध अनुभव प्राप्त हुआ। भ्रमण के दौरान विभाग के अतिथि व्याख्याता श्री प्रतीक सिंह ठाकुर द्वारा समूह गतिविधि प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए सहयोग, समय प्रबंधन एवं समूह में कार्य करने के कौशल को विकसित किया। इस भ्रमण में विभागाध्यक्ष डॉ. के.के. देवांगन के साथ अतिथि व्याख्याता श्री प्रतीक सिंह ठाकुर एवं सुश्री रंजना साहू भी उपस्थित रहे। इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल शोध के प्रति प्रेरणा प्राप्त हुई, बल्कि उन्हे अपने भविष्य के करियर के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण भी मिला। गणित विभाग द्वारा आयोजित यह भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# तुमड़ीबोड मंडल में कांग्रेस का बुथ चलो अभियान जोरों

## संगठन श्रृजन- अभियान के प्रभारी अशोक फड़नवीज ने ली बैठक



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मंडल कांग्रेस कमेटी तुमडीबोड़ के मंडल अध्यक्ष हेम सिंह साहू ने मंडल साहू भवन तुमडीबोड़ में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) से नियुक्त प्रभारी श्री अशोक फड़नवीस, श्री अनीश खान महामंत्री टीम के साथ ब्लाक कांग्रेस कमेटी डोंगरगांव के ऊर्जावान अध्यक्ष श्री टिकेश साहू, क्षेत्र जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन साहू अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य क्रांति बंजारे पूर्व जिला पंचायत सदस्य सोनू राम का मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने गर्मजोशी से स्वागत सत्कार किया ।

पूजा अर्चना के बैठक प्रारंभ किया गया बैठक की प्रभारी अशोक फड़नवीज ने कहा कि गांव-गांव में जाकर के भूत कमेटी का गठन करना है जिसमें वरिष्ठ जन महिला युवा सभी वर्ग को सम्मिलित करना है सभी की भागीदारी जरूरी है ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष टिकट साहू ने कहा राहुल जी के सो के अनुरूप बुथ कमेटी के माध्यम से हर चुनाव को आगे लड़ा जाना है इसलिए बूथ कमेटी को मजबूत करना जरूरी है क्रांति बंजारे ने महिलाओं को जोड़ने के लिए जोर दिया और कहा कांग्रेस से महिलाएं कैसे जुड़े इस पर भी चिंतन करना जरूरी है जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने बड़ा जोर के साथ कहा की चुनाव में भाग लेने वाले कांग्रेस विचारधारा के सभी लोगों को संगठन में समावेश करना जरूरी है किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कमेटी के माध्यम से गांव के छोटे-छोटे मुद्दा को नेताओं को अवगत कराना है और एकता के साथ भारतीय जनता पार्टी से लड़ना है बैठक में सेक्टर प्रभारी भुवाल साहू गोवर्धन वर्मा मंडल उपाध्यक्ष गौतम वर्मा , भुपेंद्र सोनवानी , पुरषोत्तम वर्मा राजेन्द्र साहू , नवीन वर्मा ,तीरथ निषाद जितेन्द्रर्ड्रं वर्मा ,दया राम साहू , मुकेश साहू सहित बूथ कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष हेम सिंह साहू ने तथा आभार व्यक्त भुवाल साहू ने किया।

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत में शासकीय हाई स्कूल मोहड़ में हुआ नेवता भोज



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय हाई स्कूल मोहड़ में मंगलवार को कक्षा आठवीं से नवमी में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए शासन और प्रशासन की मंशानुरूप नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन शासकीय हाई स्कूल मोहड़, राजनांदगांव की प्राचार्य श्रीमती संगीता तिवारी की ओर से किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों, प्राचार्य और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कक्षा नवमी एवं दसवीं में अध्ययनरत छात्राओं ने मधुर स्वर में सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भावपूर्ण वातावरण प्रदान किया। छात्राओं की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया।

**विद्यार्थियों को दिए परिश्रम और अनुशासन के संस्कार**

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता अलख चन्द्राकार, पार्षद संजय रजक, शाला जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विजय मेश्राम, शासकीय हाई स्कूल मोहड़ की प्राचार्य श्रीमती संगीता तिवारी, हरदी स्कूल के प्राचार्य जंघेल सर तथा व्याख्याता वाणी गौतम ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने विद्यार्थियों को आगामी शैक्षणिक सत्र में परिश्रम, संस्कार और अनुशासित जीवन के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन ही भविष्य की नींव है और यदि बच्चे मेहनत और अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ेंगे तो वे जीवन में अवश्य सफल होंगे। कार्यक्रम का संचालन अजय तिवारी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थी, शाला और पालकों की आपसी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का मूल उद्देश्य होना चाहिए। कार्यक्रम में ग्रामवासी पालकों में डी. ईश्वर, जितेन्द्र हिरवानी, जागृत साहू, गिरधारी हिरवानी तथा धनसाय निषाद की विशेष उपस्थिति रही। वहीं शासकीय हाई स्कूल मोहड़ के शिक्षक-शिक्षिकाओं में श्रीमती नम्रता यादव, बिन्दु देशमुख, ज्योति बाला डनसेना तथा द्रौपदी निषाद उपस्थित रहे। हरदी उच्च माध्यमिक स्कूल से राकेश मिश्रा और अमित शर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा मिडिल स्कूल की प्रधान पाठिका श्रीमती तुमेश्वरी सिन्हा, बरखा बाफ्ना सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं और पालकों की उपस्थिति रही।

**एक साथ बैठकर लिया नेवता भोज का आनंद**

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों, अतिथियों तथा मोहड़ और हरदी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक



साथ बैठकर नेवता भोज का आनंद लिया। नेवता भोज में पूड़ी, हलवा, पुलाव, छोले, मिठाई, मिक्सचर और केले की व्यवस्था की गई थी। विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह नेवता भोज केवल एक भोज नहीं, बल्कि अपने आप में एक अद्वितीय पहल है। इससे उन्हें नए विद्यालय, शिक्षकों और वातावरण के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला। विद्यार्थियों ने कहा कि कार्यक्रम में उन्हें बहुत आनंद आया और नए विद्यालय में प्रवेश को लेकर उनके मन में उत्साह और खुशी बढ़ी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को यह भी जानकारी दी गई कि कक्षा नवमी और दसवीं की नियमित कक्षाएं 13 अप्रैल 2026, सोमवार से नए शैक्षणिक सत्र के साथ प्रारंभ होंगी। शिक्षा के साथ आत्मीयता और संस्कार का समावेश ही बच्चों को बेहतर नागरिक बनाता है। नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत में आयोजित ऐसे कार्यक्रम बच्चों के मन में विद्यालय के प्रति अपनापन और उत्साह पैदा करते हैं।

## रोजगार सह आवास दिवस के अवसर पर जल संरक्षण के साथ आजीविका पर ग्रामीणों से हुई चर्चा

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क़बीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम ज़िले के सभी 471 ग्राम पंचायतों में रोजगार सह आवास दिवस का आयोजन चावल महोत्सव के साथ आज किया गया।इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित जनमन आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों को आगामी 90 दिनों में पूर्ण करने ग्रामीणों के साथ चर्चा कर कार्य योजना बनाया गया।आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को मिलने वाली सहायता राशि की जानकारी प्रदान की गई। सामग्रियों की आपूर्ति सहित अन्य समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया गया।रोजगार सह आवास दिवस में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करने,मांग आधारित नए कार्य प्रारंभ करने के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा किया गया।प्रत्येक माह आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए ग्रामीणों के बीच उत्साह का माहौल रहता है। क्योंकि इस दौरान उन्हें विभिन्न योजनाओं की नई जानकारियां प्राप्त होती है तथा समस्याओं का समाधान गांव में ही हो जाता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा ने बताया कि रोजगार सह आवास दिवस के अवसर पर जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए गए। ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए मोर गांव-मोर पानी, मोर तरिया अभियान अंतर्गत नवा तरिया आय के जरिया हेतु स्थलों के चयन पर ग्रामीणों के साथ प्रस्तावित स्थलों का भ्रमण किया गया। कबीरधाम जिले में वर्षा ऋतु के पूर्व जल संरक्षण के साथ आजीविका संवर्धन की दिशा में अनेको प्रयास हो रहे हैं। इसी क्रम में आजीविका डबरी का कार्य भी जोरो में चल रहा है और इसे जल्द पूरा करते हुए उपयोगी बनाने पर चर्चा हुई।



# पुत्तरगोंदी कला में कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह रहीं मुख्य अतिथि

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पुत्तरगोंदी कला में आयोजित भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उनके आगमन पर ग्रामवासियों एवं आयोजकों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।कार्यक्रम के दौरान नम्रता सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें उचित अवसर, संसाधन और सही मार्गदर्शन देने की है। उन्होंने कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति की पहचान हैं, जो न केवल शारीरिक सुदृढ़ता प्रदान करते हैं बल्कि टीम भावना, अनुशासन, साहस और नेतृत्व



क्षमता का भी विकास करते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हों। नम्रता सिंह ने आगे कहा कि इस प्रकार के आयोजन गांवों में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। खेलों के माध्यम से आपसी भाईचारा, एकता और सामाजिक समरसता को भी मजबूती मिलती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विकास और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पुलकित खंडेलवाल, सरपंच परमेश्वर कोमरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, खेल प्रेमी एवं युवा उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए नम्रता सिंह ने आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासियों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया और विजेता एवं उपविजेता टीमों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने वाला रहा, बल्कि पूरे क्षेत्र में उत्साह, ऊर्जा और सकारात्मक संदेश देने वाला एक प्रेरणादायक आयोजन सिद्ध हुआ।

## मंच निर्माण व बोर खनन कार्य का हुआ भूमिपूजन,जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि चुन्नी यदु रहे मुख्य अतिथि

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोगरगांव से लगे ग्राम पंचायत मोहड़ में विकास कार्यों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला पंचायत सभापति जागृति यदु के सभापति प्रतिनिधि चुन्नी यदु के मुख्य आतिथ्य में मंच निर्माण एवं बोर खनन कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान चुन्नी यदु ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। मंच निर्माण से जहां सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं बोर खनन से पेयजल समस्या का समाधान होगा। इस अवसर पर सरपंच भूषण देवांगन,अंकुश देवांगन उपसरपंच,ग्राम पटेल शंकर लाल देवांगन, ललित देवांगन, प्रेम बाई पंच, ललित चनापे पंच,पंचायत सचिव,ललिता ठाकुर, हेमंत देवांगन, श्याम लाल देवांगन, भैया लाल देवांगन, महेश चनापे , नेहरू देवांगन, हिपेंद्र देवांगन एवं रावे देवांगन,अनुप चनापे रोजगार सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# कलेक्टर ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत संचालित टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत में टीबी मुक्त होने वाले ग्राम पंचायतों के सरपंचों को प्रमाण-पत्र एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत साल्हे, मेटेपार एवं अरजकुण्ड, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत खम्हेरा, आरगांव एवं कोटरा, डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत पलांदूर, चौथना एवं ठाकुरटोला, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत अंजोरा, खैरा एवं मोंहदी के सरपंच को सम्मानित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में वर्ष 2023 से टीबी मुक्त पंचायत अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत वर्ष 2023 में 60, वर्ष 2024 में 170 एवं वर्ष 2025 में 238 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया गया है। जिसके तहत पहले वर्ष टीबी मुक्त होने वाले ग्राम पंचायतों को महात्मा गांधी की कास्य प्रतिमा, लगातार दो वर्ष तक टीबी मुक्त पंचायत को रजत प्रतिमा एवं लगातार तीन वर्षों तक टीबी मुक्त पंचायत घोषित किये जाने पर गोल्ड प्रतिमा एवं टीबी मुक्त प्रमाण-पत्र संबंधित ग्राम पंचायतों को प्रदान कर पुरस्कृत किया जाता है। वर्ष 2025 में जिले के 127 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत की श्रेणी में आने पर पंचायतों को कास्य प्रतिमा, 91 ग्राम पंचायतों को लगातार दो वर्षों तक टीबी मुक्त पंचायत की श्रेणी में आने पर रजत प्रतिमा एवं 20 ग्राम पंचायतों को लगातार तीन वर्षों तक टीबी मुक्त पंचायत की श्रेणी में आने पर गोल्ड प्रतिमा एवं प्रमाण-पत्र प्रदाय कर पुरस्कृत किया जा रहा है।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं कोमोलिका बाई बढ़ई (Komolika Bai Badhai) पिता शंभू राम हल्बा (Shambhu Ram Halba) ग्राम रेंगाकठेरा, तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव छ.ग. ने अपना नाम कोमोलिका बाई बढ़ई (Komolika Bai Badhai)पिता शंभू राम हल्बा (Shambhu Ram Halba) से बदलकर उषा (sha) पिता शंभू राम हल्बा (Shambhu Ram Halba) ग्राम-रेंगाकठेरा, तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव छ.ग. कर ली हूं।

**कोमोलिका बाई बढ़ई**
**पिता-शंभू राम**
**हल्बा ग्राम-रेंगाकठेरा,**
**तहसील-डोंगरगांव**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**शुभांक**

**1-5-9**

**278-7 457-6**

**भाग्यांक**

**145-0 778-2**

# जिला जेल कबीरधाम के 500 मीटर दायरे में नो-ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क़बीरधाम( नांदगांव टाइम्स )। कलेक्टर** एवं जिला दंडाधिकारी गोपाल वर्मा ने जिला जेल कबीरधाम की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी किया है। आदेशानुसार जिला जेल कबीरधाम परिसर की सीमा से 500 मीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र को नो-ड्रोन फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। जिला जेल परिसर में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका को रोकने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जेल के आसपास ड्रोन उड़ान को नियंत्रित करना आवश्यक माना गया है। भौगोलिक दृष्टि से जिला जेल कबीरधाम के उत्तर एवं पश्चिम दिशा में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कवर्धा एवं अन्य बस्तियां स्थित हैं। इन क्षेत्रों से असामाजिक तत्वों द्वारा ड्रोन के माध्यम से जेल परिसर में प्रतिबंधित सामग्री पहुंचाए जाने की संभावना बनी रहती है, जिससे जेल की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। विशेष रूप से आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु यह कदम उठाया गया है। आदेश में यह स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधित क्षेत्र में ड्रोन उड़ान पूर्णतः निषिद्ध रहेगी तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



nandgaon times april-08-2.qxd 4/7/2026 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) माउंट एरेबस, हाल ही में समाचारों में देखा गया, किस महाद्वीप में स्थित है?*

*2) हाल ही में खबरों में रही नौका बैच किस राज्य की पारंपरिक नौका दौड़ है?*

*3) प्रोजेक्ट नेक्सस का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?*

*4) हाल ही में समाचारों में देखी गई एलुलोज़ क्या है?*

*5) सूदासरी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड ब्रीडिंग सेंटर, जो समाचारों में देखा गया था, किस राज्य में स्थित है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) अंटार्कटिका (2) पश्चिम बंगाल (3) तत्काल सीमा पार खुदरा भुगतान सक्षम करने के लिए (4) मिठास देने वाला एजेंट (5) राजस्थान

# सुंदर वानांचल क्षेत्र में 20 लाख के विकास कार्यों का भव्य भूमिपूजन एवं लोकार्पण



**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी विधानसभा के सुंदर वानांचल क्षेत्र में आज विकास का एक ऐतिहासिक दिन दर्ज हुआ, जब कुल 20 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत और पूर्ण किए गए अनेक जनकल्याणकारी कार्यों का सामूहिक भूमिपूजन और लोकार्पण भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई व ग्रामीणो को नए विकास अध्याय का आश्वासन दिया ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति श्रीमती बिरम मंडावी, जनपद पंचायत छुरिया सदस्य श्री उभय राम मंडावी, जनपद सदस्य सुनीता सेवता शामिल हुईं, जिन्होंने वानांचल क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बताया। साथ ही इस अवसर पर श्री रामकुमार मंडावी, श्रीमती लल्लेश्वरी घांवरे संरपंच, बेदराम मंडावी, राजेश्वरी मंडावी, आंनदी बाई,कनक मंडावी, श्रीमती भुनेश्वरी सलामे संरपंच मरकाकसा,लखन लाल हिचामे, राधेलाल फुलकुंवर,जेल सिंह यादव,अंजूराम मंडावी, श्रीमती गणेशिया बाई संरपंच जोब, ईश्वर लाल सोनतला,दानी राम कोर्राम,दुरपत बाई साहू,अर्जुन मंडावी,पवन कुमार वैष्णव, प्राताप मरकाम सहित जनप्रतिनिधिगण व ग्रामवासी उपस्थित रहे। वानांचल क्षेत्र में संपन्न हुए प्रमुख विकास कार्य ग्राम किडकाड़ीटोला आंगनबाड़ी भवन का भूमिपूजन (11.89 लाख रुपए)इस आंगनबाड़ी भवन के निर्माण से बच्चों के पोषण स्तर, प्री-स्कूल शिक्षा, गर्भवती एवं धात्री माताओं को मिलने वाली सेवाओं में व्यापक सुधार होगा। वानांचल के इस दुर्गम क्षेत्र में एक आधुनिक आंगनबाड़ी भवन का निर्माण ग्रामीणों के लिए बड़ा परिवर्तन माना जा रहा है। ग्राम मरकाकसा सामुदायिक भवन निर्माण (6.50 लाख रुपए)यह सामुदायिक भवन गांव के सामाजिक, सांस्कृतिक व प्रशासनिक आयोजनों के लिए एक मजबूत केंद्र बनेगा। ग्रामीणों को वर्षों से ऐसी सुविधा की आवश्यकता थी, जिससे बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन सुचारू रूप से हो सके।ग्राम जोडब पेयजल सुविधा हेतु पानी टैंकर (2.50 लाख रुपए)जिला पंचायत सदस्य द्वारा ग्रामीणों को 2.50 लाख रुपए की लागत वाला पानी टैंकर समर्पित किया गया। गर्मी के मौसम में पेयजल संकट झेल रहे इस वानांचल क्षेत्र के लिए यह सुविधा जीवन-स्तर में बड़ा सुधार लाएगी। किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि वांनाचल क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।सुंदर वानांचल क्षेत्र की समस्याओं को समझना और उनके समाधान हेतु ठोस कदम उठाना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। हम गांव-गांव जाकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक परिवार तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। आज जिन कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया है, वे इस क्षेत्र को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और सामाजिक सुविधाओं से जोड़ने का आधार बनेंगे।उन्होंने यह भी कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही जनप्रतिनिधि होने का वास्तविक उद्देश्य है।जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि यह तो शुरुआत है। आगामी समय में पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि से जुड़े कई और कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। वानांचल क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा में लाने का कार्य हम सभी की प्राथमिकता है।

**ग्रामीणों में दिखाई दी अभूतपूर्व उत्साह और उम्मीद**

सुंदर वानांचल क्षेत्र के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई। महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ जनों ने जनप्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। विकास कार्यों की घोषणा होते ही ग्रामीणों में उमंग दिखाई दी, क्योंकि इन परियोजनाओं से उनके दैनिक जीवन में बड़ा बदलाव आने वाला है।

## महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का ई-केवाईसी अनिवार्य, 30 जून अंतिम तिथि

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**क़बीरधाम ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह ई केवायसी का कार्य सीएससी सेंटर्स में किया जाएगा। यह कार्य 01 अप्रैल से 30 जून 2026 तक किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया निःशुल्क है। ई-केवाईसी प्रारंभ करने से पूर्व सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) ऑपरेटरों को कार्य के संबंध में पूर्ण प्रशिक्षण दिया गया है। हितग्राहियों का ई-केवाईसी उनके निवास के निकट स्थित सीएससी केंद्रों में कराया जाएगा, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह कार्य 1 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 के मध्य पूर्ण किया जाना है। ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। इसके लिए किसी भी प्रकार का शुल्क लेना प्रतिबंधित है।



## मोतीपुर में शुरू हुई प्याऊ घर सेवा, राहगीरों को मिलेगा शीतल जल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महर्षि वाग्भट्ट गौ संवर्धन एवं अनुसंधान संस्थान ने आजाद चौक मोतीपुर स्थित हनुमान मंदिर और ढाबा रोड स्थित भोलेनाथ मंदिर में प्याऊ घर सेवा का शुभारंभ किया। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता और समाजसेवी शिव वर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और मटकों पर राम नाम अंकित किया। राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल दान को सर्वोत्तम दान माना गया है। भीषण गर्मी में राहगीरों, जरूरतमंदों और आमजन को शीतल जल उपलब्ध कराना पुण्य का कार्य है। उन्होंने मटके के पानी के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह प्राकृतिक रूप से ठंडा, स्वास्थ्यवर्धक और पर्यावरण के अनुकूल होता है, जबकि बोतलबंद और अत्यधिक ठंडा पानी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। समाजसेवी शिव वर्मा ने बताया कि प्याऊ घर सेवा केवल जल उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानवता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देती है। संस्थान के सदस्य धर्मराज यादव ने कहा कि शिव शक्ति धर्मार्थ सार्वजनिक सेवा समिति, चिखली द्वारा निःशुल्क मटकों की व्यवस्था की गई है। सेवा पूरे ग्रीष्मकाल में निरंतर जारी रहेगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। इस दौरान राहगीरों को शीतल जल के साथ शर्बत भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में जीआर देवांगन, नरेन्द्र देवांगन, पुरूषोत्तम देवांगन, शिक्षा संस्कार पाठशाला के छात्र और वार्डवासी उपस्थित रहे। प्याऊ घर सेवा से मोतीपुर क्षेत्र में राहगीरों और स्थानीय लोगों को गर्मी में राहत मिलने की उम्मीद है।



# भारत के आगे दुनिया ने टेक दिए घुटने - मनोज निर्वाणी

## होर्मुज से भर-भर कर आया तेल-गैस, रूस भी आगे बढ़कर दोस्ती निभा रहा है

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि मिडिल ईस्ट में मचे भीषण युद्ध और बारूद की गंध के बीच भारत ने अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर एक ऐसा मास्टरस्ट्रोक खेला है, जिसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है।

जहाँ एक तरफ अमेरिका और इजरायल के साथ ईरान की जंग के कारण 'होर्मुज से वैश्विक तेल सप्लाई ठप होने की कगार पर है, वहीं भारत ने वाशिंगटन के दबाव को दरकिनार करते हुए ईरान से तेल और गैस की खेप भर-भरकर मंगानी शुरू कर दी है। श्री निर्वाणी ने आगे कहा कि शनिवार को तेल मंत्रालय ने साफ कर दिया कि दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल उपभोक्ता देश भारत ने अपनी जरूरतों को पूरी तरह सुरक्षित कर लिया है और इसमें सबसे बड़ी भूमिका ईरान और रूस की रही है। श्री निर्वाणी ने कहा कि होर्मुज से भारत आ रहे ईरानी टैंकर ,साल 2019 में अमेरिका के कड़े प्रतिबंधों के बाद भारत ने ईरान से तेल लेना बंद कर दिया था, लेकिन मौजूदा युद्ध ने समीकरण बदल दिए हैं। भारतीय रिफाइनरियों ने अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए ईरान से बड़े पैमाने पर आयात शुरू कर दिया है। दिलचस्प बात यह है कि इस बार भुगतान को लेकर भी कोई अड़चन नहीं है। पिछले महीने अमेरिका ने भी वैश्विक तेल संकट को देखते हुए प्रतिबंधों में अस्थायी ढील दी थी, जिसका भारत ने भरपूर फायदा उठाया। भारत अब तक ईरान को लगभग 5 मिलियन बैरल कच्चे तेल का ऑर्डर दे चुका है, जो पिछले सात सालों में सबसे बड़ी उपलब्धि है।



श्री निर्वाणी ने कहा कि मंगलौर पहुंचा गैस का जहाज नहीं होगी रसोई गैस की किल्लत सिर्फ कच्चा तेल ही नहीं, भारत ने अपनी रसोई गैस की जरूरतों के लिए भी ईरान का रुख किया है। हाल ही में एक प्रतिबंधित जहाज 44,000 मीट्रिक टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस लेकर मंगलौर के बंदरगाह पर पहुंचा है। ईंधन उतारने का काम युद्धस्तर पर जारी है। मिडिल ईस्ट में जारी जंग के बावजूद भारत में तेल और गैस की कोई कमी नहीं होगी भारत वर्तमान में 40 से अधिक देशों से तेल खरीद रहा है और भारत ने कंपनियों को पूरी छूट दी गई है कि वे जहाँ से सस्ता और सुलभ हो, वहां से सौदा करें। भारत का 'दोस्त' रूस भी भारत के लिए पलकें बिछा कर बैठा है इस संकट की घड़ी में अपने भंडार खोल दिए हैं। रूस के पहले उप प्रधानमंत्री डेनिस मांटुरोव ने हाल ही में भारत का दौरा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एनएसए अजीत डोवाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं। रूस ने भारत को कच्चे तेल और नेचुरल गैस सप्लाई लगातार बढ़ाने का बंपर ऑफर दिया है। रूस ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत अपनी नीतियां बनाने के लिए स्वतंत्र है और वह किसी भी पश्चिमी देश या अमेरिका के दबाव में नहीं है। रूस की इस पेशकश ने भारत की स्थिति को वैश्विक बाजार में और भी मजबूत कर दिया है।महायुद्ध के बीच भारत का 'डबल फायदा' होता दिख रहा है पश्चिमी एशिया में फैले तनाव के बावजूद भारत को इस स्थिति से 'दोहरा फायदा' हो रहा है। एक तरफ रूस से सस्ते तेल की सप्लाई जारी है, तो दूसरी तरफ7 साल बाद ईरान का रास्ता खुलने से भारत की ऊर्जा सुरक्षा अभेद्य हो गई है। होर्मुज स्ट्रेट से भारतीय झंडे वाले जहाज बिना किसी डर के गुजर रहे हैं, क्योंकि ईरान ने पहले ही भारत को 'मित्र राष्ट्र' मानकर सुरक्षा की गारंटी दी है। आसान भुगतान और रियायती दरों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक महंगाई से बचा लिया है। तेल मंत्रालय के मुताबिक, भारत अपनी व्यापारिक सूझबूझ से सबसे अच्छे स्रोतों से तेल खरीदना जारी रखेगा, चाहे दुनिया में कितनी भी उथल-पुथल क्यों न मची हो। भारत मजबूती से खड़ा रहेगा।

## बरेली में चमकी राजनांदगांव की कनक जोगी, राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल में जीता कांस्य पदक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** उत्तर प्रदेश के बरेली में आयोजित 54वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में राजनांदगांव की प्रतिभाशाली खिलाड़ी कनक जोगी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। उनके इस प्रदर्शन से जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ा है। प्रतियोगिता में देशभर की टीमों ने हिस्सा लिया। कनक जोगी ने अपनी टीम के लिए खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे उनकी टीम पदक जीतने में सफल रही। इस उपलब्धि से खेल जगत में हर्ष का माहौल है। कनक जोगी की इस सफलता पर दैनिक दावा के संपादक सूरज बुद्धदेव, राजनांदगांव जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, सचिव प्रिंस भाटिया, कोच शबनम अंसारी, फिरोज खान, राजा कुरैशी और विष्णु सिन्हा सहित अन्य खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सूरज बुद्धदेव और सूर्यकांत जैन ने कहा कि कनक जोगी की यह उपलब्धि जिले के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।



## भाजपा सरकार के टीबी मुक्त भारत अभियान की हकीकत : जिला अस्पताल में न विशेषज्ञ डॉक्टर, न पर्याप्त सेटअप -ऋषि शास्त्री

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** युवा नेता एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि देशभर में च्प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियानज्ज् संचालित किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, ताकि टीबी जैसी गंभीर बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सके, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले में भी इस अभियान के अंतर्गत प्रतिवर्ष बड़ी राशि खर्च की जाती है। जिला चिकित्सालय द्वारा लगभग 100 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में मरीजों की खोज, जांच, निःशुल्क उपचार, दवा वितरण, पोषण सहायता एवं जन-जागरूकता जैसे कार्य किए जाते हैं, इसके बावजूद अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आ रहे हैं। ऋषि शास्त्री ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार च्टीबी मुक्त भारतज्ज् का नारा तो दे रही है, लेकिन वास्तविकता में मरीजों को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति सरकार की नाकामी को उजागर करती है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष शहरी क्षेत्र में कई लोगों की टीबी से मृत्यु ककी बात सामने आती है साथ ही श्रमिक क्षेत्र में टीबी का प्रकोप अधिक है जो अत्यंत गंभीर और चिंताजनक विषय है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया और 2025 तक च्टीबी मुक्त भारतज्ज् का लक्ष्य भी अधूरा रह गया। जबकि वर्तमान में भी अभियान को आगे बढ़ा कर एक माह पूरा होने को है, लेकिन व्यवस्थाओं में कोई उल्लेखनीय सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में 2030 तक टीबी मुक्त विश्व का लक्ष्य भी सवालों के घेरे में है। श्री शास्त्री ने कहा कि इस अभियान की सफलता विशेषज्ञ डॉक्टरों पर निर्भर करती है, लेकिन राजनांदगांव जिला अस्पताल में टीबी विशेषज्ञ डॉक्टर का अभाव है। तीन बार के मुख्यमंत्री रहे एवं वर्तमान विधायक डॉ. रमन सिंह के क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की कमी के कारण मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है, जिससे गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मुद्दे पर भी सरकार केवल दिखावा कर रही है। फील्ड स्तर पर मॉनिटरिंग और जवाबदेही का अभाव है, दवाइयों की अनियमित आपूर्ति एवं जांच सुविधाओं की कमी के कारण यह अभियान कमजोर पड़ रहा है।



## एबीवीपी की पहल रंग लाई: व्यापम परीक्षा के चलते सेमेस्टर एग्जाम की तिथि बढ़ी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के हित में उठाई गई पहल सफल रही। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया को सौंपे गए ज्ञापन के बाद प्रशासन ने त्वरित निर्णय लेते हुए 27 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षा की तिथि आगे बढ़ा दी है। ज्ञात हो कि 26 अप्रैल 2026 को व्यापम की महत्वपूर्ण परीक्षा आयोजित होने वाली है, जिसमें महाविद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल होने वाले थे। इसके अगले ही दिन सेमेस्टर परीक्षा निर्धारित होने के कारण विद्यार्थियों को पर्याप्त तैयारी और मानसिक विश्राम का समय नहीं मिल पा रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए एबीवीपी ने विद्यार्थियों की ओर से परीक्षा तिथि परिवर्तन की मांग रखी थी। एबीवीपी नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित को ध्यान में रखते हुए यह मांग की गई थी।

## धर्म समाचार....

# कालाष्टमी 2026: शनि-राहु का खतरनाक संयोग, इन राशियों पर टूटेगा मानसिक तनाव का पहाड़

10 अप्रैल 2026 को आने वाली कालाष्टमी इस बार बेहद खास और ज्योतिषीय दृष्टि से चुनौतीपूर्ण होने वाली है। इस दिन मीन राशि में शनि देव 'अस्त' अवस्था में होंगे, जबकि कुंभ राशि में राहु अपना पूर्ण प्रभाव दिखाएंगे। ग्रहों का यह दुर्लभ मेल न केवल मानसिक दबाव और कामों में देरी ला सकता है, बल्कि मेष से लेकर मीन तक सभी 12 राशियों के जीवन में उथल-पुथल मचा सकता है। एस्ट्रोपत्री के आनंद सागर पाठक के अनुसार, इस कठिन समय में भगवान काल भैरव की शरण ही एकमात्र सुरक्षा कवच है। आइए जानते हैं आपकी राशि पर इसका क्या असर होगा।

**राशि अनुसार प्रभाव और सावधानी**

**मेष राशि :** मेष राशि वालों के लिए यह कालाष्टमी मानसिक अस्थिरता ला सकती है। लक्ष्य को लेकर भ्रम और अचानक बढ़ते खर्च आपको परेशान कर सकते हैं। रिश्तों में भी भावनात्मक दूरी महसूस हो सकती है। आर्थिक मामलों में किसी भी तरह का जोखिम न लें।

**उपाय:** भगवान काल भैरव की पूजा करें और सरसों के तेल का दान करें।

**वृषभ राशि** - आपके करियर से जुड़े फैसलों में अनिश्चितता रह सकती है और लाभ मिलने में देरी हो सकती है। प्रेम जीवन में उम्मीदें तुरंत पूरी न होने से मन खिन्न रहेगा। आर्थिक विकास होगा, लेकिन उसकी गति धीमी रहेगी।

**उपाय:** सफेद मिठाई का दान करें और शुक्राय नमः मंत्र का जाप करें।




**मिथुन राशि :** करियर के मोर्चे पर आप दबाव महसूस कर सकते हैं। काम में भ्रम की स्थिति बन सकती है, इसलिए किसी भी बड़ी सलाह पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। रिश्तों में गलतफहमी से बचने के लिए बातचीत साफ रखें।

**उपाय:** विद्यार्थियों की मदद करें और बुध मंत्रों का जाप करें।

**कर्क राशि:** कर्क राशि के जातकों को इस समय बहुत संभलकर रहना होगा। अचानक भावनात्मक या आर्थिक समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। प्रेम संबंधों में संवेदनशीलता बढ़ेगी। निवेश के मामलों में किसी भी तरह का जोखिम भारी पड़ सकता है।

**उपाय:** महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें और भगवान शिव को दूध अर्पित करें।

**सिंह राशि:** अपनों से बातचीत में संयम रखें, क्योंकि छोटी बात भी अहंकार की लड़ाई बन सकती है। साझा संपत्ति के मामलों में सावधानी बरतें। मीठा बोलकर और दूसरों को समझकर रिश्तों में मधुरता बनाए रखें।

**उपाय:** भगवान काल भैरव को गेहूं अर्पित करें और सुरक्षा की प्रार्थना करें।

**कन्या राशि :** व्यापारिक साझेदारी या जीवनसाथी के साथ तालमेल बिठाने में दिक्कत आ सकती है। छोटी-छोटी बातों पर विवाद होने के योग हैं। ज्यादा सोच-विचार करने से बचें और रिश्तों में संतुलन बनाए रखें।

**उपाय:** मां दुर्गा के मंत्रों का जाप करें और व्यर्थ के विवादों से दूर रहें।

**तुला राशि:** रोजमर्रा के कामों और लव-लाइफ में दबाव महसूस हो सकता है। सेहत का ध्यान रखें और आर्थिक रूप से शॉर्टकट से पैसा कमाने की कोशिश न करें।

**उपाय:** सफेद फूल अर्पित करें और मां लक्ष्मी की आराधना करें।

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि वालों के लिए यह समय काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। घर की शांति भंग हो सकती है और प्रेम संबंधों में भावनात्मक टकराव संभव है। आर्थिक रूप से अनुशासन बनाए रखें और किसी से बहस न करें।

**उपाय:** मां दुर्गा को लाल फूल चढ़ाएं और मन को शांत रखने का प्रयास करें।

## 19 या 20 अप्रैल, भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की सही तिथि और शुभ मुहूर्त क्या है?

वैशाख का महीना आते ही चारों ओर एक अलग ही उत्साह छा जाता है। इसी महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हम परशुराम जयंती मनाते हैं। भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाने वाले परशुराम जी का जन्म इसी पावन दिन हुआ था। इसी दिन 'अक्षय तृतीया' जैसा महामुहूर्त भी होता है, जो इस दिन की महत्ता को कई गुना बढ़ा देता है।




**आखिर क्यों खास है भगवान परशुराम का अवतार ?**

अक्सर लोग परशुराम जी को सिर्फउनके क्रोध के लिए जानते हैं, लेकिन उनका व्यक्तित्व बहुत गहरा है। एक हाथ में 'धनुष' (ज्ञान और शास्त्र) और दूसरे में 'परशु' (शक्ति और शस्त्र), यही उनकी पहचान है। वे हमें सिखाते हैं कि समाज में शांति बनाए रखने के लिए सिर्फ ज्ञान काफी नहीं, उसे बचाने के लिए शक्ति का होना भी जरूरी है।

**पूजा मुहूर्त और तिथि** - साल 2026 में तिथियों का गणना कुछ इस प्रकार है:

**तृतीया तिथि की शुरुआत:** 19 अप्रैल (रविवार), सुबह 10 बजकर 49 मिनट से

मुख्य तिथि (उदयातिथि): उदयातिथि और प्रदोष काल की गणना के आधार पर भगवान परशुराम जयंती 19 अप्रैल 2026, रविवार को मनाई जाएगी।

**परशुराम जयंती: सरल पूजा विधि**- सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। अगर व्रत रख रहे हैं, तो हाथ में जल लेकर व्रत और पूजा का संकल्प लें। पूजा स्थल की सफाई करें और एक चौकी पर भगवान परशुराम की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। उन्हें चंदन और अक्षत लगाएं। फिर फूल, तुलसी दल और पीले फूलों की माला प्रेमपूर्वक अर्पित करें। धूप और दीपक जलाएं। भगवान को ऋतु फल (सीजनल फ्रूट्स) और मिठाइयों का भोग लगाएं। भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप करें और परशुराम स्तुति का पाठ करें। पूरी श्रद्धा के साथ परशुराम जी की आरती उतारें। अंत में सभी को प्रसाद बांटें।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# मकानों की नंबरिंग से जनगणना की तैयारी तेज, हर घर से पूछे जाएंगे 33 सवाल

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जनगणना 2026-27 को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पहले चरण में 16 अप्रैल से मकानों की गिनती शुरू होगी, जिसमें हर घर की विस्तृत जानकारी जुटाई जाएगी। इसके साथ ही इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल मोड में की जा रही है, जिससे डेटा सीधे ऑनलाइन सिस्टम में दर्ज होगा। नगर में पहले से ही मकानों की नंबरिंग का कार्य शुरू हो चुका है। कर्मचारियों की टीमें घर-घर जाकर मकानों पर नंबर अंकित कर रही हैं। इसी आधार पर आगामी सर्वे किया जाएगा। जनगणना के दौरान प्रत्येक परिवार से लगभग 33 सवाल पूछे जाएंगे, जिनमें मकान की स्थिति, दीवार-छत की सामग्री, घर में उपलब्ध सुविधाएं, बिजली-पानी, इंटरनेट, वाहन, परिवार के सदस्यों की संख्या और सामाजिक-आर्थिक स्थिति से जुड़े सवाल शामिल रहेंगे। प्रशासन के अनुसार, 16 से 30 अप्रैल तक आम नागरिकों को स्वयं ऑनलाइन फॉर्म भरने (स्व-गणना) का भी मौका दिया गया है। इसके लिए आधिकारिक पोर्टल पर जाकर 5 आसान स्टेप में रजिस्ट्रेशन कर जानकारी



दर्ज की जा सकेगी। फॉर्म भरने के बाद एक यूनिक आईडी मिलेगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी होगा।

जो व्यक्ति जहां रहता है उसकी जानकारी देनी होगी- जनगणना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जो व्यक्ति जहां रहता है, उसे उसी स्थान की जानकारी देनी होगी। यदि किसी व्यक्ति के एक से अधिक मकान हैं, तो वह जहां निवास करता है, उसी मकान की जानकारी दर्ज करेगा। किरायेदार, छात्र या अन्य निवासी भी अपने वर्तमान निवास स्थान की जानकारी देंगे।

इस बार घर में उपलब्ध बड़े सामान और संसाधनों का भी ब्यौरा लिया जाएगा। साथ ही यह भी पूछा जाएगा कि परिवार का मुखिया कौन है और घर में कौन-कौन सी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी, गंभीरता से काम करनें के निर्देश- डोंगरगढ़ क्षेत्र में जनगणना कार्य के लिए शिक्षकों, राजस्व विभाग और नगरीय निकायों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। प्रत्येक वार्ड के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई परिवार ऑनलाइन फॉर्म नहीं भरता है और सर्वे टीम के पहुंचने पर घर बंद मिलता है, तो डोर लॉक एंट्री की जाएगी, जिससे बाद में जानकारी सुधारने में दिक्कत आ सकती है। इसलिए नागरिकों से अपील की गई है कि वे समय पर सही जानकारी उपलब्ध कराएं।

जनगणना को लेकर प्रशासन सख्त है और किसी भी प्रकार की लापरवाही या गलत जानकारी को गंभीरता से लिया जाएगा। यह डेटा भविष्य की योजनाओं जैसे पानी, सड़क, बिजली और अन्य सुविधाओं के विकास में अहम भूमिका निभाएगी।

# एफआईआर के बाद भी कार्रवाई नहीं पीड़ित ने मांगी मौन सत्याग्रह की अनुमति





**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** थाना डोंगरगढ़ में शेयर ट्रेडिंग के नाम पर हुई कथित ठगी के मामले में पुलिस की कार्रवाई से निराश एक पीड़ित ने अब मौन सत्याग्रह की अनुमति मांगी है। इस घटनाक्रम से शहर में खास चर्चा का विषय बना है और लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने लगे हैं। बताया जाता है कि मामला थाना डोंगरगढ़ में दर्ज एफआईआर क्रमांक 0528, दिनांक 16 अक्टूबर 2025 से जुड़ा है। पीड़ित के अनुसार, मंगलवार को वह मौन सत्याग्रह की अनुमति के लिए आवेदन देने थाना पहुंचा, परन्तु पुलिस ने आवेदन स्वीकार नहीं किया और उसे बैरंग वापस लौटा दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि उसके छोटे भाई आशुतोष उपाध्याय (पिता विष्णु उपाध्याय), निवासी टिकरापारा डोंगरगढ़, को करीब 5 माह पहले शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर ठगी का शिकार बनाया गया। इस संबंध में 16 अक्टूबर 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, परन्तु 6 माह बीतने के बाद भी मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित ने बताया कि 30 नवंबर 2025 को पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव को भी आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई गई थी। इसके बाद 19 दिसंबर 2025 को पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में भी शिकायत प्रस्तुत की गई, लेकिन मामले में अब तक कोई प्रगति नहीं हुई। लगातार कार्रवाई नहीं होने से पीड़ित और उसका परिवार मानसिक रूप से परेशान है। इसी के चलते प्रार्थी ने 13 अप्रैल 2026 से मौन सत्याग्रह करने की अनुमति प्रशासन से मांगी है। वहीं बताया जाता है कि डोंगरगढ़ में इन दिनों साइबर ठगी के मामले थाने में और भी कई शिकायत की गई है परन्तु पुलिस बढ़ते साईबर अपराध पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। अब देखना होगा कि इस गंभीर मामले में शासन प्रशासन क्या ठोस कदम उठाता है।

## भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संविधान लीडरशिप प्रोग्राम

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संविधान लीडरशिप प्रोग्राम को लेकर राष्ट्रीय प्रवक्ता आधिवक्ता अर्जुन अमित श्रीवास्तव ने आज राजनांदगांव में एक महत्वपूर्ण जानकारी प्रेस को दी। मीडिया साथियों की उपस्थिति के दौरान अधिवक्ता अर्जुन अमित श्रीवास्तव ने कहा कि यह प्रोग्राम युवाओं को भारतीय संविधान के मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज के समय में युवाओं को संविधान की समझ होना बेहद आवश्यक है, ताकि वे लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस इस कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के युवाओं को जोड़कर एक जागरूक और जिम्मेदार नेतृत्व तैयार करने का कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ में भी इस प्रोग्राम को व्यापक स्तर पर लागू किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक युवा लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर स्थानीय युवा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल का समर्थन करते हुए इसे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इसमें मुख्यरूप से मानव देशमुख,विप्लव शर्मा, अभिमन्यु मिश्रा, संदीप सोनी,ऋषि शास्त्री,विशु आजमानी,रिदम अग्रवाल,कोषासद्र सोनी,आयुष्मान सिंह ठाकुर,निर्मल द्विवेदी,जय जयसवाल,तौसीफ गोरी,लक्ष्य सिन्हा,अभी गुप्ता, अंशल श्रीवास्तव,सोमिल जैन आदि मौजूद रहे।



# शेयर मार्केट का लालच बना जानलेवा : करोड़ों की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी इंदौर से गिरफ्तार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शेयर ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की धोखाधड़ी कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाला अंतरराज्यीय आरोपी को पुलिस ने इंदौर (म.प्र.) से गिरफ्तार किया है. आरोपी ने शेयर ट्रेडिंग और तंत्र-मंत्र के नाम पर लोगों से लगभग 4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की. जानकारी के अनुसार, 17.10.2025 को कोमल साहू ने मानसिक तनाव के कारण जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली. जांच में सुसाइड नोट, बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल डेटा मिले, जिससे पता चला कि मृतक पर आरोपी के कर्ज और धोखाधड़ी का दबाव था. पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में ज्अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंसज् की नीति के तहत धोखाधड़ी एवं गंभीर अपराधों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है.



**घटना का संक्षिप्त विवरण**- प्रकरण के अनुसार, मृतक कोमल साहू ने 17.10.2025 को मानसिक तनाव के चलते जहर सेवन कर लिया था, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई. मर्ग जांच के दौरान मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ तथा बैंक स्टेटमेंट व मोबाइल डेटा की गहन जांच की गई. विवेचना में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी मो. अजीज खान ने मृतक को शेयर मार्केट में निवेश और ज्तंत्र-मंत्रज् (चटिया मटिया) के माध्यम से पैसे दोगुना करने का लालच देकर लगभग 04 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी. रकम वापस न मिलने और कर्जदाताओं के दबाव के कारण मृतक अत्यधिक मानसिक तनाव में था, जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया.

**पुलिस कार्यवाही**- थाना कोतवाली पुलिस द्वारा टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की घेराबंदी कर उसे इंदौर (मध्य प्रदेश) से 3 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में आरोपी ने नकद और बैंक खातों के माध्यम से करोड़ों की राशि प्राप्त करना स्वीकार किया है. आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 130/2026 धारा 318(4), 108, 3(5) बीएनएस कायम कर विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिनांक 17.04.2026 तक न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है एवं प्रकरण में अन्य आरोपियों के विरूद्व प्रर्याप्त साक्ष्य प्राप्त कर विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी.

**अपील**- राजनांदगांव पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि वे किसी भी व्यक्ति के झांसे में आकर शेयर मार्केट में अनाधिकृत निवेश या पैसा दोगुना करने के प्रलोभन में न आएं।

## शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लखोली में जीवन दीप समिति की बैठक हुई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली स्थित



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिशुओं, वृद्धजनों और गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क उपचार जांच कराने एवं आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने चर्चा की गई। स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ सतीश मेश्राम ने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं से अवगत कराते हुए बताया कि केंद्र में लखोली के पांच वार्ड सहित आसपास के रहवासियों को यहां समुचित इलाज की व्यवस्था की जाती है। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफने पार्षद निर्मलकर को परिसर में वृक्षारोपण पेयजल एवं अन्य समस्याओं से अवगत कराया। पिछले साल हुएं बैठक में स्टाफके मांग अनुसार नल कनेक्शन प्रदान किया गया। इस मौके पर मरीजों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने हेतु लगे वाटर कुलर का लोकार्पण किया गया। बैठक में बीएमओ डॉ सतीश मेश्राम, डॉ ईशा मैडम, फार्मेसिस्ट संगीता , कल्पना एवं स्वास्थ्य केंद्र के समस्त स्टाफमौजूद रहे।

# छुईखदान में धड़ल्ले से चल रहे अवैध ईंट भट्ठे, प्रशासन बेखबर या मौन?

**छुईखदान/ बूढ़ानभाठ रोड खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के छुईखदान ब्लॉक में इन दिनों अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। खासकर बूढ़ानभाठ रोड सहित कई इलाकों में बिना अनुमति के ईंट भट्ठे संचालित हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।



### धुएं से घुट रही हवा, खेतों पर असर

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इन भट्ठों से निकलने वाला जहरीला धुआं वातावरण को प्रदूषित कर रहा है। इसका सीधा असर किसानों की फसलों पर पड़ रहा है, जिससे उत्पादन घटने की आशंका बढ़ गई है।

### नियमों की खुली अनदेखी

जानकारी के अनुसार, कई ईंट भट्ठे बिना पर्यावरणीय स्वीकृति और वैध दस्तावेजों के ही संचालित हो रहे हैं। न तो श्रम कानूनों का पालन हो रहा है और न ही सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा जा रहा है। मजदूरों से कठिन परिस्थितियों में काम लिया जा रहा है।

### प्रशासन की भूमिका पर सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि इतने बड़े स्तर पर अवैध गतिविधियां होने के बावजूद प्रशासन आखिर क्यों चुप है? क्या जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है?

### ग्रामीणों में आक्रोश

ग्रामीणों में इस मुद्दे को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

### तत्काल कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध ईंट भट्ठों की जांच कर उन्हें तत्काल बंद कराया जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पर्यावरण और आम जनता को राहत मिल सके।

# हिंदू जागरण मंच ने मुख्यमंत्री साय जी का आभार जताया

**हिंदू जागरण मंच राजनांदगांव ने पुलिस अधीक्षक महोदय जी एवं जिलाधीश महोदय जी के मार्फत माननीय मुख्यमंत्री जी को आभार पत्र भेजा छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्र विधेयक 2026 पारित होने पर हिंदू जागरण मंच ने मुख्यमंत्री का जताया आभार**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण को लेकर बनाए गए धर्म स्वतंत्र विधेयक 2026 के पारित होने पर हिंदू जागरण मंच, राजनांदगांव द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया गया।

हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि यह विधेयक प्रदेश में अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है। संगठन के अनुसार, इस कानून से समाज में पारदर्शिता आएगी और किसी भी प्रकार के दबाव, लालच या प्रलोभन के माध्यम से किए जाने वाले धर्म परिवर्तन पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।इस अवसर पर मंच के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए यह निर्णय लिया है, जिससे समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। हिंदू जागरण मंच के जिला एवं नगर पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि यह विधेयक सामाजिक समरसता को बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगा तथा सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान की भावना को और सुदृढ़ करेगा। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए भविष्य में भी समाजहित में ऐसे निर्णय लेते रहने की अपेक्षा व्यक्त की। वहां उपस्थित हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता सुशील लड्डा प्रवीण शर्मा सविता बोस जुगल गुप्ता कमलेश्वरी साहू हेमंत कश्यप आशीष पांडे भोला यादव विष्णु सिन्हा सत्यम जयसवाल हरीश भानुशाली अरुण रजक नीलू साहू ऋषभ मल हेमलाल ढीमर ज्योति खंडेलवाल मोना गोसाई पंपा सिहा देव कुमारी साहू मंजू रानी संतोष तुरहते मनोज गोलछा संजय मिश्राएवं हिंदू जागरण मंच के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अयोध्या में जय भारत बैंड की शानदार प्रस्तुति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अयोध्या में नगर की प्रसिद्ध बैंक जय भारत बैंड की सानदार प्रस्तुति अयोध्या में लता मंगेशकर चौक व राम लला के मंदिर प्रांगण में सानदार बैंड की धुन में राम आयेंगे की गीत पर अपनी प्रस्तुति दी । जहां दर्शनार्थियों और स्थानिय लोगों ने बैंड की तारिफ की । इस प्रस्तुति से जय भारत बैंड ने शहर का गौरव और छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया 40 कलाकारों के दल ने यह प्रस्तुति 4 अप्रैल 2026 को दी बैंड के संचालक भाई मुन्नालाल केमे व मेघराज केमे ने बतलाया कि हमारी बैंड प्रत्येक राज्यों में अपनी प्रस्तुति दे चूकि है । इस दल की प्रस्तुति को सभी संगीत प्रेमीयों ने सरहाया।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com